Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding the water stagnation in the Agricultural Land and Water Conservation

श्री वीरेन्द्र सिंह (बलिया): सभापति महोदय, मैं बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर संसद के माध्यम से इस देश को बताना चाहता हूं और संसद सदस्यों से निवेदन करना चाहता हूं कि आपको अपने-अपने क्षेत्र में इस कार्य को आगे बढ़ाना चाहिए ।

वहां लाखों एकड़ जमीन पर जल जमाव के कारण एक भी फसल नहीं हो पाती है । मेरे संसदीय क्षेत्र बलिया में कटहर नाला, भागड़ नाला और सुरहा ताल एशिया की सबसे बड़ा झील है । वहां हजारों एकड़ जमीन पर जल जमाव के कारण खेती नहीं हो पाती है । मेरे क्षेत्र में गाजीपुर और बलिया दोनों आते हैं । मैं वहां के जिलाधिकारी सौम्य अग्रवाल और अखौरी को धन्यवाद देना चाहता हूं । अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को उनसे सबक लेनी चाहिए कि किस तरह से शासन के सहयोग से प्रशासनिक अधिकारी कार्य करते हैं और किसानों की समृद्धि के लिए आगे बढ़ते हैं । आज जल संरक्षण देश की सबसे बड़ी जरूरत है । प्रधानमंत्री जी जल, जंगल, जमीन और जानवर के संरक्षण के लिए कार्य कर रहे हैं । सभी माननीय सदस्यों को जल संरक्षण के लिए अपने संसदीय क्षेत्र में कार्य करना चाहिए ।